सं0 क्यू/टीआर/873/12/2012

**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**प्रशासन प्रभाग (परिवहन प्रकोष्ठ)**

**नई दिल्ली, 08 फरवरी, 2013**

## निविदा आमंत्रण सूचना

करार की तारीख से **दो** वर्ष की अवधि के लिए जिसे आपसी सहमति से समान निबंधनों एवं शर्तों पर आगे बढ़ाया जा सकेगा, मंत्रालय में शासकीय उपयोग हेतु **"डीएलवाई कारें भाड़े पर लिए जाने"** के लिए दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं आर्थिक रूप से मजबूत टूअर एवं टैक्सी ऑपरेटरों से 'खुली निविदा प्रणाली' अर्थात तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा के तहत मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। तथापि, **दो** वर्ष की इस अवधि के पश्चात् डीएलवाई कारें भाड़े पर लिए जाने की मासिक दरें तथा भाड़े पर ली गई तीन श्रेणियों की कारों के लिए प्रत्येक अतिरिक्त किलोमीटर और घंटे के लिए दरें उस विशेष वर्ष में दिल्ली के "उपभोक्ता मूल्य सूचकांक" के अनुसार समायोज्य होंगी।

2. **अनुसूची**

i. निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का पदनाम और पता- **प्रशासनिक अधिकारी** (परिवहन), कमरा सं. **42**, विदेश मंत्रालय, **साउथ ब्लॉक**, नई दिल्ली**- 110011.**

ii. निविदा/ बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय**: 18 फरवरी, 2013** को **सायं** 4.00 बजे तक।

iii. निविदा/ बोली वापस लिए जाने की अंतिम तारीख और समय**: 25 फरवरी, 2013** को **सायं** 4.00 बजे तक।

iv. तकनीकी निविदाएं खोले जाने की तारीख, समय और स्थानः **05 मार्च, 2013 को सायं 3.00 बजे (बैठक कक्ष, जवाहरलाल नेहरू भवन, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली)**।

v. वित्तीय निविदाएं खोले जाने की तारीख, समय और स्थानः **12 मार्च, 2013 को सायं 3.00 बजे (बैठक कक्ष, जवाहरलाल नेहरू भवन, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली)**।

vi. निविदा प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम अपेक्षाः
   - सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव रखने वाली कंपनि**यां**।
   - 2011 अथवा इसके बाद के मॉडल के न्यूनतम 10 वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र **जो** निविदादाता कंपनी के स्वामित्व में हों और उसके नाम पंजीकृत हों।
   - **न्यूनतम 700/- रुपए प्रतिमाह के ईएसआईएस एवं ईपीएफ/ पीपीएफ अंशदान के भुगतान के संबंध में शपथ-पत्र (चार्टर्ड लेखाकार द्वारा प्रमाणित)**।

vii. अपेक्षित **कारों** का प्रकारः **कंपनी के स्वामित्व वाली कारें**- प्रत्येक वर्ग में इंडिका, इंडिगो और एसएक्स-4 अथवा समकक्ष कारें। **(ये कारें दिल्ली/ नई दिल्ली में रजिस्टर्ड होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश/ हरियाणा में रजिस्टर्ड कारों पर विचार नहीं किया जाएगा।)**

viii. अपेक्षित वाहनों की संख्याः इंडिकाः 2**7** **(**लगभग**)**, इंडिगोः 4**5** **(**लगभग**)** और एसएक्स-4ः 0**8** **(**लगभग**)**।

ix. करार की अवधिः **दो** वर्ष **(आपसी सहमति से इसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है)**

x. अग्रिम जमा राशि (निविदा प्रतिभूति)**:** 2,00,000 रुपए (दो लाख रुपए मात्र)**- सभी असफल निविदादाताओं की** अग्रिम जमा राशि **वापस कर दी जाएगी**।

3. निविदा दस्तावेज परिवहन प्रकोष्ठ, विदेश मंत्रालय, कमरा सं. 42, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली **- 110011** से प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा मंत्रालय की वेबसाइट **www.mea.gov.in** (विदेश मंत्रालय निविदा के अंतर्गत) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

4. इच्छुक एवं योग्य कंपनी, भुगतान और लेखा अधिकारी, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली के नाम 2 लाख रुपए (दो लाख रुपए मात्र) की अग्रिम जमा राशि और अन्य अपेक्षित दस्तवेजों के साथ सभी तरह से पूर्ण अपने निविदा दस्तावेज, **18.2.2013** को **सायं** 4.00 बजे तक **प्रशासनिक अधिकारी** (परिवहन), विदेश मंत्रालय, कमरा सं. **42**, **साउथ ब्लॉक**, नई दिल्ली-110011 के पास जमा करा सकते हैं। इस समय-सीमा के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। **तकनीकी और वित्तीय निविदा की स्याही से हस्ताक्षरित मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है**। **फोटो प्रति/ स्कैन्ड प्रतियों पर विचार नहीं किया जाएगा**।

5. विदेश मंत्रालय को निविदा दस्तावेजों में किसी निबंधन/ शर्त को संशोधित करने/ वापस लेने तथा कोई सूचना दिए बगैर अथवा कोई कारण बताए बगैर किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय का निर्णय अंतिम होगा।

**ह./-**

**(दीपक दास)**

**प्रशासनिक अधिकारी**

फोन 2**3011796**